बजट घोषणा 2022–23

क्र.सं.	घोषणा संख्या	घोषणा
1.	**37.**	पैरा खिलाड़ियों को उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, ट्रेनिंग उपकरणों व अभ्यास हेतु जयपुर व जोधपुर में 20–20 करोड़ रूपये की राशि से **आवासीय पैरा खेल अकादमी** स्थापित किया जाना प्रस्तावित करता हूँ। साथ ही, ओलम्पिक पदक विजेताओं को निःशुल्क 25 बीघा कृषि भूमि आवंटित किये जाने वाले प्रावधान को, पैरालम्पिक खेलों को पदक विजेताओं के लिए भी लागू करने की घोषणा करता हुँ।
2.	**38.**	राज्य में खेल सुविधायें विकसित करने हेतु– I. भरतपुर में कुश्ती/कबड्डी जैसे पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से स्टेडियम का विकास किया जायेगा। साथ ही, नांवा–नागौर एवं रावतभाटा–चितौड़गढ़ स्टेडियम के विकास कार्य करवाये जायेंगे। इन पर 12 करोड़ रूपये व्यय होंगे। II. टोंक में **Multipurpose Indoor** स्टेडियम बनाया जायेगा। III. गिर्वा– उदयपुर, केरू (लूणी)–जोधपुर, हिण्डौन–करौली, धोद–सीकर, परबतसर–नागौर, परसरामपुरा (नवलगढ़)–झुंन्झुनू, बानसूर–अलवर, रूपवास (बयाना), उच्चैन (नदबई)–भरतपुर, तारानगर–चूरू तथा बगरू–जयपुर में खेल स्टेडियम बनाये जायेंगे। IV. जोधपुर में शारीरिक शिक्षा महाविघालय का विस्तार एवं उन्नयन कराया जायेगा तथा खेल विभाग के अंतर्गत **Rajasthan State Sports Institute** की स्थापना की जायेगी। इन पर 15 करोड़ रूपये का व्यय होगा। V. जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के अनुरूप ही जोधपुर में 10 करोड़ रूपये की लागत से **Rajasthan High Performance Sports Training and Rehabilitation Centre** बनाया जायेगा। VI. सवाई मानसिंह स्टेडियम–जयपुर व महाराणा प्रताप खेलगांव–उदयपुर में सिन्थेटिक एथलेटिक ट्रेक का निर्माण करवाया जायेगा, जिस पर 15 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

		VII. राजगढ़ (सादुलपुर)–चूरू में कबड्डी अकादमी तथा श्रीगंगानगर में एथलेटिक्स अकादमी के भवन का निर्माण किया जायेगा। VIII. चौरासी–डूंगरपुर में खेल छात्रावास का निर्माण किया जायेगा।
3.	**39.**	राजकीय कर्मचारियों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए **'On Duty'** भेजा जाना प्रस्तावित है। साथ ही, किसी अन्य राज्य अथवा केन्द्र सरकार में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पदक जीतने पर **Pay Protect** करते हुए समकक्ष पद पर राज्य में नियुक्ति दिया जाना प्रस्तावित करता हुँ।